रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, मिश्रण और यौगिक के बीच उचित अंतर बताता है?

Ans
- ✔ A. मिश्रण का संघटन परिवर्ती होता है, जबकि यौगिकों का संघटन निश्चित (स्थिर) होता है।
- ✘ B. मिश्रण का संघटन स्थिर होता है, जबकि यौगिकों का संघटन परिवर्ती होता है।
- ✘ C. मिश्रण को रासायनिक विधियों द्वारा पृथक किया जा सकता है, जबकि यौगिकों को भौतिक विधियों द्वारा पृथक किया जा सकता है।
- ✘ D. मिश्रण के गुणधर्म भिन्न होते हैं, जबकि यौगिक के गुणधर्म उसके घटक तत्वों से पूर्ण रूप से समान होते हैं।

**Q.2** अभिक्रिया NaOH + HCl → NaCl + $H_2O$ निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?

Ans
- ✘ A. वियोजन (अपघटन) अभिक्रिया
- ✔ B. द्वि-विस्थापन अभिक्रिया
- ✘ C. विस्थापन प्रतिक्रिया
- ✘ D. अवक्षेपण अभिक्रिया

**Q.3** पशुपालन में, दूध देने वाली भैंसों को _______ कहा जाता है।

Ans
- ✘ A. ब्रॉयलर (broilers)
- ✘ B. लेयर्स (layers)
- ✔ C. दुधारू (milch)
- ✘ D. शंख (shellfish)

**Q.4** ध्वनि तरंग में, माध्यम के कण ___________।

Ans
- ✘ A. तरंग संचरण की दिशा के लंबवत कंपन करते हैं
- ✔ B. तरंग संचरण की दिशा में कंपन करते हैं
- ✘ C. निरंतर घूर्णन करते हैं
- ✘ D. कंपन नहीं करते हैं

**Q.5** कोशिका झिल्ली के आर-पार $CO_2$ या $O_2$ जैसी गैसों का पारगमन__________ द्वारा होता है, जो ________ सांद्रता से ________ सांद्रता की ओर होता है।

Ans
- ✔ A. विसरण; उच्च; निम्न
- ✘ B. परासरण; कम; उच्च
- ✘ C. एंडोसाइटोसिस; बराबर; बराबर
- ✘ D. सक्रिय परिवहन; कम; उच्च

**Q.6** निम्नलिखित में से किस हाइड्रोकार्बन में शाखित श्रृंखला होती है?

**Ans**

- ✗ A. एथीन (Ethene)
- ✓ B. आइसोब्यूटेन (Isobutane)
- ✗ C. मेथेन (Methane)
- ✗ D. ब्यूटेन (Butane)

**Q.7** 10 N का बल द्रव्यमान $m_1$ को 20 m/s² और द्रव्यमान $m_2$ को 40 m/s² की गति से त्वरित करता है। यदि दोनों द्रव्यमानों को एक साथ बांध दिया जाए, तो समान बल कितना त्वरण उत्पन्न करेगा?

**Ans**

- ✗ A. 26.7 m/s²
- ✗ B. 6 m/s²
- ✓ C. 13.3 m/s²
- ✗ D. 10 m/s²

**Q.8** बेकिंग सोडा का रासायनिक नाम क्या है?

**Ans**

- ✗ A. सोडियम सल्फेट (Sodium sulphate)
- ✓ B. सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट (Sodium hydrogen carbonate)
- ✗ C. सोडियम कार्बोनेट (Sodium carbonate)
- ✗ D. सोडियम हाइड्रॉक्साइड (Sodium hydroxide)

**Q.9** एक एथलीट एकसमान चाल से एक वृत्ताकार पथ पर चलता है और निश्चित समय में एक चक्कर पूरा करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**

- ✗ A. यह गति असमान वृत्तीय गति है।
- ✗ B. एथलीट का वेग परिमाण और दिशा दोनों में स्थिर रहता है।
- ✗ C. जैसे-जैसे एथलीट पथ पर आगे बढ़ता है उसकी चाल लगातार कम होती जाती है।
- ✓ D. एथलीट निरंतर चाल से चलता है, जो एक चक्कर में तय की गई दूरी को उस चक्कर में लगे समय से विभाजित करने के बराबर होती है।

**Q.10** तंत्रिकोशिकाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**

- ✗ A. तंत्रिकाक्ष सिग्नल बाहर भेजता है।
- ✗ B. डेंड्राइट सिग्नल प्राप्त करते हैं।
- ✓ C. तंत्रिकोशिकाओं में केंद्रक का अभाव होता है।
- ✗ D. एक तंत्रिकोशिका तीन भागों : डेंड्राइट, कोशिका पिंड और तंत्रिकाक्ष से बनी होती है।

**Q.11** दो अलग-अलग द्रव्यमान वाले पिंडों को निर्वात में समान ऊँचाई से गिराया जाता है। कौन-सा पिंड पहले पहुँचेगा?

**Ans**

- ✗ A. हल्का पिंड पहले पहुँचता है।
- ✗ B. भारी पिंड पहले पहुंचता है।
- ✓ C. दोनों पिंड एक ही समय पर जमीन पर पहुंचते हैं।
- ✗ D. दोनों आकार और आमाप के आधार पर अलग-अलग समय पर पहुंचते हैं।

**Q.12** विद्युत परिपथ के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

**Ans**

- ✗ A. धारा इलेक्ट्रॉनों के प्रवाह का परिणाम है
- ✓ B. धारा विवृत परिपथ में प्रवाहित होती है
- ✗ C. परम्परागत धारा की दिशा इलेक्ट्रॉनों के प्रवाह के विपरीत होती है
- ✗ D. स्विच परिपथ को खोलने या बंद करने में सहायता करता है

| | |
|---|---|
| Q.13 | प्लाज्मा झिल्ली को वरणात्मक पारगम्य झिल्ली (selectively permeable membrane) क्यों कहा जाता है? |
| Ans | ✔ A. यह केवल कुछ पदार्थों को ही पार करने देती है और कुछ को रोकती है। |
| | ✘ B. यह संपूर्ण कोशिका के लिए ऊर्जा उत्पादन को नियंत्रित करती है। |
| | ✘ C. यह सभी पदार्थों को मुक्त और समान संचलन करने देती है। |
| | ✘ D. यह सभी पदार्थों को कोशिका में प्रवेश करने या बाहर निकलने से रोकती है। |

| | |
|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से किस परिवर्तन में ऊष्मा अवशोषण और ठोस अवस्था से द्रव अवस्था में परिवर्तन दोनों शामिल हैं? |
| Ans | ✘ A. भाप का संघनन |
| | ✔ B. बर्फ का पिघलना |
| | ✘ C. कपूर का ऊर्ध्वपातन |
| | ✘ D. जल का हिमीकरण |

| | |
|---|---|
| Q.15 | कृषि अपशिष्ट सामग्री को कार्बनिक पदार्थों और पोषक तत्वों से भरपूर अपघटित पदार्थ में बदलने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है? |
| Ans | ✔ A. कम्पोस्टिंग (Composting) |
| | ✘ B. फर्टिलाइजेशन (Fertilization) |
| | ✘ C. ग्रीन मैन्योरिंग (Green Manuring) |
| | ✘ D. पॉलिनेशन (Pollination) |

| | |
|---|---|
| Q.16 | आंख का कौन-सा भाग प्रकाश के साथ समायोजन करके पुतली के आकार को नियंत्रित करता है? |
| Ans | ✘ A. कॉर्निया |
| | ✘ B. रेटिना |
| | ✔ C. आइरिस |
| | ✘ D. क्रिस्टलाभ लेंस |

| | |
|---|---|
| Q.17 | कणों का विसरण ________ में अधिक तीव्र होता है। |
| Ans | ✔ A. उच्च तापमान पर गैसों |
| | ✘ B. निम्न गतिज ऊर्जा वाले जल |
| | ✘ C. बड़े अणुओं वाले ठंडे तरल पदार्थों |
| | ✘ D. प्रबल आकर्षण वाले ठोसों |

| | |
|---|---|
| Q.18 | यदि किसी वस्तु को उत्तल लेंस के फोकस F पर रखा जाए, तो प्रतिबिंब कहाँ बनेगा? |
| Ans | ✘ A. 2F पर, वास्तविक और वस्तु के समान आकार वाला |
| | ✘ B. F और 2F के बीच, वास्तविक और आवर्धित |
| | ✔ C. अनंत पर, अत्यधिक आवर्धित, वास्तविक |
| | ✘ D. अनंत पर, आभासी और आवर्धित |

| | |
|---|---|
| Q.19 | परागण का वह प्रकार जिसमें परागकण वायु के माध्यम से एक ही प्रजाति के एक पुष्प से दूसरे पुष्प तक स्थानांतरित होते हैं, ____________ कहलाता है। |
| Ans | ✘ A. जलपरागण (hydrophily) |
| | ✘ B. कीटपरागण (entomophily) |
| | ✔ C. वायुपरागण (anemophily) |
| | ✘ D. पक्षीपरागण (ornithophily) |

| Q.20 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प यांत्रिक ऊर्जा का सर्वोत्तम वर्णन करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सूर्य से प्राप्त ऊर्जा |
| | ✓ B. स्थितिज ऊर्जा और गतिज ऊर्जा का योग |
| | ✗ C. भोजन और ईंधन में संग्रहित ऊर्जा |
| | ✗ D. प्रकाश ऊर्जा और रासायनिक ऊर्जा का योग |

| Q.21 | हुक या कांटों वाले बर्र सामान्यतः किसके द्वारा प्रकीर्णित होते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. गुरुत्व |
| | ✗ B. जल |
| | ✗ C. वायु |
| | ✓ D. प्राणियों |

| Q.22 | अभिक्रिया $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ में कौन-सा पदार्थ ऑक्सीकृत होता है तथा कौन-सा पदार्थ अपचित होता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $MnO_2$ ऑक्सीकृत होता है, HCl अपचित होता है |
| | ✗ B. $MnCl_2$ ऑक्सीकृत होता है, $Cl_2$ अपचित होता है |
| | ✓ C. $MnO_2$ अपचित होता है, HCl ऑक्सीकृत होता है |
| | ✗ D. $MnO_2$ अपचित होता है, $MnCl_2$ ऑक्सीकृत होता है |

| Q.23 | मानव मादा प्रजनन तंत्र में निषेचन के बाद क्या होता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भ्रूण, अंडाशय में विकसित होता है और गर्भाशयग्रीवा द्वारा पोषित होता है। |
| | ✗ B. योनि में युग्मनज तुरंत एक गर्भ बन जाता है। |
| | ✓ C. निषेचित अंडा विभाजित होकर भ्रूण बनाता है, जो गर्भाशय अस्तर में आरोपित (implant) हो जाता है। |
| | ✗ D. निषेचित अंडा, डिंबवाहिनी नली में रहता है और वहीं विकसित होता है। |

| Q.24 | एक लंबे सीधे चालक में धारा ऊर्ध्वाधर रूप से ऊपर की ओर प्रवाहित हो रही है। तार के पूर्व दिशा में स्थित किसी बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा क्या होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर की ओर |
| | ✗ B. पश्चिम की ओर |
| | ✗ C. पूर्व की ओर |
| | ✓ D. दक्षिण की ओर |

| Q.25 | परमाणु क्रमांक 10 वाले तत्व में प्रोटॉनों की संख्या कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 10 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✗ D. 8 |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | यदि किसी वर्ग की भुजा की लम्बाई उसकी वास्तविक लम्बाई से 4% अधिक मापी जाती है, तो वर्ग के क्षेत्रफल में प्रतिशत त्रुटि ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4.04% |
| | ✗ B. 8.08% |
| | ✗ C. 4% |
| | ✓ D. 8.16% |

| | |
|---|---|
| Q.27 | स्नेहा और उसके छोटे चचेरे भाई आर्यन की वर्तमान आयु में 12 वर्ष का अंतर है। छह वर्ष पूर्व, स्नेहा की आयु उस समय आर्यन की आयु की तीन गुनी थी। स्नेहा की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 22 |
| | ✗ B. 30 |
| | ✗ C. 26 |
| | ✓ D. 24 |

| | |
|---|---|
| Q.28 | यदि $2^{x-1} + 2^{x+1} = 160$ है, तो 2x + 1 का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 9 |
| | ✗ B. 15 |
| | ✗ C. 11 |
| | ✓ D. 13 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | दो पाइप, A और B, मिलकर एक टंकी को 8 घंटे में भरते हैं। यदि उन्हें अलग-अलग खोला जाए, तो B को टंकी को भरने में A से 12 घंटे अधिक लगेंगे। A द्वारा टंकी को अकेले भरने में लिया गया समय (घंटे में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 24 |
| | ✗ B. 16 |
| | ✓ C. 12 |
| | ✗ D. 18 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | जल संकट के कारण, प्रारंभिक जनसंख्या में से 38% गाँव छोड़कर चले गए, और शेष में से 50% लोग नौकरी की तलाश में गाँव छोड़कर चले गए। यदि वर्तमान में गाँव में 1550 लोग रहते हैं, तो प्रारंभिक जनसंख्या का वर्तमान जनसंख्या से अनुपात कितना है? |
| Ans | ✗ A. 108:33 |
| | ✗ B. 103:33 |
| | ✓ C. 100:31 |
| | ✗ D. 100:33 |

| | |
|---|---|
| Q.31 | एक विद्यार्थी दो अंकों की एक संख्या सोचता है। अंकों का योगफल 15 होता है, और बड़ा अंक छोटे अंक से 3 अधिक है। दोनों अंकों का गुणनफल कितना है? |
| Ans | ✗ A. 45 |
| | ✗ B. 36 |
| | ✓ C. 54 |
| | ✗ D. 63 |

| | |
|---|---|
| Q.32 | 7 फरवरी 2023 से 21 अप्रैल 2023 तक की अवधि के लिए ₹2,000 पर 7% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 26 |
| | ✓ B. 28 |
| | ✗ C. 27 |
| | ✗ D. 29 |

| | |
|---|---|
| Q.33 | 4a2b एक चार अंकों की संख्या है जो 3 से विभाज्य है। निम्नलिखित में से a और b के सही संभावित मानों का चयन करें। |
| Ans | ✗ A. a=2,b=0 |
| | ✗ B. a=3,b=1 |
| | ✗ C. a=0,b=1 |
| | ✓ D. a=0,b=0 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | एक इंटीरियर डिजाइनर 36 m × 64 m की आयताकार दीवार को न्यूनतम अपव्यय के साथ वर्गाकार वॉलपेपर टाइल्स से ढकना चाहता है। प्रत्येक वर्गाकार टाइल की अधिकतम संभव भुजा की लंबाई कितनी है, जिसका उपयोग किया जाना है? |
| Ans | ✗ A. 8 m |
| | ✗ B. 24 m |
| | ✗ C. 12 m |
| | ✓ D. 4 m |

| | |
|---|---|
| Q.35 | दो रेलगाड़ियां समान चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। यदि प्रत्येक रेलगाड़ी की लंबाई 350 m है और वे एक-दूसरे को 14 सेकंड में पार करती हैं, तो प्रत्येक रेलगाड़ी की चाल कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 26 m/s |
| | ✗ B. 28 m/s |
| | ✗ C. 35 m/s |
| | ✓ D. 25 m/s |

| | |
|---|---|
| Q.36 | ₹1,404 की राशि को नीरज, विद्या और मोहन के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके हिस्से से क्रमशः ₹47, ₹26 और ₹29 घटा दिए जाएं, तो उनके पास 10 : 14 : 18 के अनुपात में धन बचता है। विद्या का वास्तविक हिस्सा ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. ₹534 |
| | ✓ B. ₹460 |
| | ✗ C. ₹384 |
| | ✗ D. ₹284 |

| | |
|---|---|
| Q.37 | $x^2 + 2x + x^2$ को सरल कीजिए। |
| Ans | ✗ A. $2x^2 + x$ |
| | ✓ B. $2x^2 + 2x$ |
| | ✗ C. $2x^2 - 2x$ |
| | ✗ D. $x^2 + 2x$ |

| | |
|---|---|
| Q.38 | दो उम्मीदवारों वाले एक चुनाव में, कुल मतों में से 25% अवैध थे। एक उम्मीदवार को वैध मतों में से 40% मत प्राप्त हुए। यदि कुल मतों की संख्या 3,75,000 थी, तो दूसरे उम्मीदवार को कितने वैध मत प्राप्त हुए? |
| Ans | ✗ A. 1,75,450 |
| | ✗ B. 1,86,250 |
| | ✓ C. 1,68,750 |
| | ✗ D. 1,56,350 |

| | |
|---|---|
| Q.39 | यदि $\cos A = \frac{4}{5}$ है, तो $4 + 4\tan^2 A$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. $\frac{25}{4}$ |
| | ✗ B. $\frac{25}{16}$ |
| | ✗ C. $\frac{4}{25}$ |
| | ✗ D. $\frac{16}{25}$ |

| | |
|---|---|
| Q.40 | एक पाइप एक टैंक को 3 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 12 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक का आधा हिस्सा भरने में कितने मिनट लगेंगे? |
| Ans | ✗ A. 5 मिनट |
| | ✗ B. 3 मिनट |
| | ✗ C. 4 मिनट |
| | ✓ D. 2 मिनट |

| | |
|---|---|
| Q.41 | प्रेक्षणों 3, 4, 4, 7, 3, 6, 2, 2, 6, 1, 3, 5, 9, 3, 8, 4 और 3 का बहुलक ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✗ B. 7 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✓ D. 3 |

| | |
|---|---|
| Q.42 | एक चतुर्भुज IJKL में, ∠I = 17° और ∠J = 51° है। ∠K और ∠L के समद्विभाजक Z पर मिलते हैं। ∠LZK की माप कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 43° |
| | ✓ B. 34° |
| | ✗ C. 27° |
| | ✗ D. 47° |

| | |
|---|---|
| Q.43 | सुमन, तारिक और नेहा ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,71,000, ₹24,000 और ₹1,05,000 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹7,16,200 है, तो लाभ में नेहा का हिस्सा कितना है? |
| Ans | ✓ A. ₹2,50,670 |
| | ✗ B. ₹2,50,668 |
| | ✗ C. ₹2,50,667 |
| | ✗ D. ₹2,50,672 |

| | |
|---|---|
| Q.44 | 14 पारियों में, एक क्रिकेटर का 51 रनों का औसत रहा है। 15वीं पारी में उसने 209 रन बनाए। उसके औसत स्कोर में _______ की वृद्धि हुई।<br>(अपने उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या तक पूर्णांकित कीजिए।) |
| Ans | ✗ A. 15 |
| | ✗ B. 10 |
| | ✓ C. 11 |
| | ✗ D. 20 |

| | |
|---|---|
| Q.45 | एक घन और एक घनाभ का आयतन बराबर है। यदि घन की भुजा 10 cm है और घनाभ की विमाएँ 1 : 2 : 4 के अनुपात में हैं, तो घनाभ की सबसे लंबी भुजा ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 14 cm |
| | ✗ B. 16 cm |
| | ✗ C. 18 cm |
| | ✓ D. 20 cm |

| | |
|---|---|
| Q.46 | एक लैपटॉप को उसके अंकित मूल्य पर 20% और 25% की दो क्रमिक छूट देने के बाद ₹48,000 में बेचा जाता है। लैपटॉप का मूल अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. ₹80,000 |
| | ✗ B. ₹88,000 |
| | ✗ C. ₹78,000 |
| | ✗ D. ₹75,000 |

| | |
|---|---|
| Q.47 | 600 km की यात्रा के लिए, एक ट्रक पहले 300 km की दूरी 42 km/hr की चाल से तय करता है। शेष दूरी के लिए उसे कितनी चाल (km/hr में) बनाए रखनी होगी, ताकि उसकी औसत चाल 60 km/hr हो जाए? |
| Ans | ✘ A. 80 |
| | ✔ B. 105 |
| | ✘ C. 120 |
| | ✘ D. 85 |

| | |
|---|---|
| Q.48 | किसी वस्तु को 20% की हानि पर ₹240 में बेचा गया। क्रय मूल्य कितना होगा? |
| Ans | ✘ A. ₹350 |
| | ✘ B. ₹250 |
| | ✘ C. ₹400 |
| | ✔ D. ₹300 |

| | |
|---|---|
| Q.49 | मोहन की मासिक आय ₹40,000 है और वह अपनी आय का 75% खर्च करता है। वह हर महीने कितनी बचत करता है? |
| Ans | ✔ A. ₹10,000 |
| | ✘ B. ₹11,500 |
| | ✘ C. ₹11,000 |
| | ✘ D. ₹10,500 |

| | |
|---|---|
| Q.50 | यदि किसी चटाई का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 76% अधिक है तथा उस पर 25% की छूट दी जाती है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. 29% |
| | ✘ B. 35% |
| | ✔ C. 32% |
| | ✘ D. 34% |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| | |
|---|---|
| Q.51 | निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>IHD 78 EDZ 87 AZV 96 WVR 105 ? |
| Ans | ✘ A. SQM 113 |
| | ✘ B. SSM 114 |
| | ✔ C. SRN 114 |
| | ✘ D. SBL 113 |

| | |
|---|---|
| Q.52 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>24 30 25 29 26 ? |
| Ans | ✘ A. 32 |
| | ✘ B. 30 |
| | ✘ C. 27 |
| | ✔ D. 28 |

| Q.53 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह आम तौर पर ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी खरबूज, नींबू हैं।<br>कोई नींबू, मटर नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कोई नींबू, खरबूज नहीं है।<br>(II) कोई खरबूज, मटर नहीं है। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. केवल II अनुसरण करता है |
| | ✘ B. केवल I अनुसरण करता है |
| | ✘ C. कोई भी अनुसरण नहीं करता |
| | ✘ D. दोनों अनुसरण करते हैं |

| Q.54 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन: सभी चट्टानें, जहाज हैं। कुछ जहाज, मेज हैं। सभी बर्तन, मेज हैं।<br>निष्कर्ष I: कुछ बर्तन, चट्टानें हैं।<br>निष्कर्ष II: कुछ बर्तन, जहाज हैं। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है |
| | ✔ B. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है |
| | ✘ C. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है |
| | ✘ D. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं |

| Q.55 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. LB – PH |
| | ✘ B. MG – QM |
| | ✘ C. YJ – CP |
| | ✔ D. KH – OM |

| Q.56 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) 6 1 7 8 5 5 6 1 1 4 2 9 2 3 8 9 5 9 1 5 3 7 8 8 3 2 5 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 4 |
| | ✘ B. 6 |
| | ✘ C. 7 |
| | ✔ D. 5 |

| Q.57 | यदि '+' का अर्थ '–' है , '–' का अर्थ '×' है , '×' का अर्थ '÷' और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>88 – 9 ÷ 195 + 988 × 19 = ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 955 |
| | ✘ B. 915 |
| | ✔ C. 935 |
| | ✘ D. 930 |

| Q.58 | निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?<br><br>(84 × 12) ÷ 4 - (72 × 9) ÷ 3 + 15 = ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 37 |
| | ✘ B. 24 |
| | ✘ C. 48 |
| | ✘ D. 59 |

| Q.59 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',<br>A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',<br>और A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'.<br><br>यदि 'K x N – L # E % C' है, तो E का K से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. पति के पिता |
| | ✘ B. पुत्र |
| | ✘ C. पत्नी की माता |
| | ✘ D. पुत्र की पत्नी |

| Q.60 | सात डिब्बे A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।<br>G को B के ठीक ऊपर रखा गया है। D को F के ठीक ऊपर रखा गया है। केवल E को A के ऊपर रखा गया है। G के ऊपर केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। D को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है।<br>D के ऊपर कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 4 |
| | ✔ B. 5 |
| | ✘ C. 3 |
| | ✘ D. 2 |

| Q.61 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं।) गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 8 4 5 2 8 9 3 3 4 8 1 6 1 7 5 4 4 2 2 8 5 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद एक सम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 1 |
| | ✔ B. 3 |
| | ✘ C. 2 |
| | ✘ D. 4 |

| Q.62 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'let me speak' को 'ko df ty' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'speak the truth' को 'df op np' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'speak' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?<br><br>(सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ko |
| | ✘ B. op |
| | ✘ C. ty |
| | ✔ D. df |

| | |
|---|---|
| Q.63 | छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में F बैठा है। D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर C बैठा है। A का निकटतम पड़ोसी C है। E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में B बैठा है। E और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. तीन |
| | ✓ C. एक |
| | ✗ D. एक भी नहीं |

| | |
|---|---|
| Q.64 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>9 B 4 D 18 A 9 C 12 = ? |
| Ans | ✗ A. 48 |
| | ✓ B. 46 |
| | ✗ C. 44 |
| | ✗ D. 51 |

| | |
|---|---|
| Q.65 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(3, 15, 5)<br>(7, 35, 5) |
| Ans | ✓ A. (8, 40, 5) |
| | ✗ B. (9, 27, 9) |
| | ✗ C. (5, 30, 5) |
| | ✗ D. (6, 24, 6) |

| | |
|---|---|
| Q.66 | उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>GKN−QUX<br>XBE−HLO |
| Ans | ✗ A. EHJ−OSV |
| | ✗ B. EHJ−NRU |
| | ✓ C. EIL−OSV |
| | ✗ D. EIL−NSU |

| | |
|---|---|
| Q.67 | रमन बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और उत्तर दिशा में 44 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 47 km ड्राइव करता है, बाएँ मुड़ता है और 53 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 62 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ होगें।) |
| Ans | ✓ A. 15 km, पश्चिम में |
| | ✗ B. 13 km, पश्चिम में |
| | ✗ C. 14 km, पश्चिम में |
| | ✗ D. 16 km, पूर्व में |

| Q.68 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'FAME' को '7469' और 'COAT' को '2387' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✓ B. 7 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 2 |

| Q.69 | उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दोनों युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>YAB−FHI<br>KMN−RTU |
|---|---|
| Ans | ✗ A. MNN−SUV |
| | ✗ B. MOP−SVV |
| | ✓ C. MOP−TVW |
| | ✗ D. MNN−TVW |

| Q.70 | सात मित्र, D, E, F, U, V, W और X, एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। D और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X, V के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। W, V के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। U और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✓ B. तीन |
| | ✗ C. दो |
| | ✗ D. चार |

| Q.71 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>21 57 87 111 129 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 139 |
| | ✓ B. 141 |
| | ✗ C. 136 |
| | ✗ D. 143 |

| Q.72 | श्री अकाई बिंदु A से शुरू होकर दक्षिण की ओर 21 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 25 km गाड़ी चलाते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 8 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 7 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 12 km गाड़ी चलाते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 5 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वह दाएं मुड़ते हैं, 25 km गाड़ी चलाते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पूर्व में 10 km |
| | ✗ B. पूर्व में 7 km |
| | ✓ C. पश्चिम में 13 km |
| | ✗ D. दक्षिण में 10 km |

| Q.73 | उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>GDS : LHV<br>QLY : VPB |
|---|---|
| Ans | ✗ A. HES : MHX |
| | ✗ B. TED : XHF |
| | ✗ C. GNL : KSP |
| | ✓ D. ATE : FXH |

| Q.74 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)<br><br>(बाएं) 4 1 5 1 9 7 2 9 5 8 2 4 6 5 6 2 7 8 3 5 9 1 4 7 5 6 8 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद '5' है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. तीन से अधिक |
| | ✘ B. तीन |
| | ✘ C. दो |
| | ✘ D. एक |

| Q.75 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>PGE 18, TEI 26, XCM 34, BAQ 42, ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. FCU 52 |
| | ✔ B. FYU 50 |
| | ✘ C. GYV 50 |
| | ✘ D. FCV 52 |

| Q.76 | A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F, A के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। यदि सभी व्यक्तियों को A (A सहित) से शुरू करके अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में दक्षिणावर्त दिशा में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. तीन |
| | ✘ B. एक |
| | ✘ C. दो |
| | ✘ D. चार |

| Q.77 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. TQK |
| | ✘ B. ROI |
| | ✔ C. FCV |
| | ✘ D. DAU |

| Q.78 | यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।<br><br>COP, TIK, ANY, CAN, OWN<br><br>यदि प्रत्येक शब्द में प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला में आने वाले उसके अगले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. चार |
| | ✔ B. एक |
| | ✘ C. तीन |
| | ✘ D. दो |

| Q.79 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>5 11 23 47 95 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 181 |
| | ✓ B. 191 |
| | ✗ C. 193 |
| | ✗ D. 189 |

| Q.80 | उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 40 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, रीना दाएं छोर से 8वें स्थान पर है। यदि तारा, रीना के बाएं छठे स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से तारा का स्थान क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 26वां |
| | ✗ B. 28वां |
| | ✗ C. 25वां |
| | ✓ D. 27वां |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | वित्त वर्ष 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कितनी संस्थाओं को दंडित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 100 |
| | ✗ B. 500 |
| | ✗ C. 283 |
| | ✓ D. 353 |

| Q.82 | दूसरा चीन-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन 16-18 जून 2025 को ............. में आयोजित हुआ। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ताशकंद, उज्बेकिस्तान |
| | ✓ B. अस्ताना, कजाकिस्तान |
| | ✗ C. उरुमकी, चीन |
| | ✗ D. बिश्केक, किर्गिस्तान |

| Q.83 | योनेक्स-सनराइज ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 मोइनाबाद, तेलंगाना में कब आयोजित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 25 अप्रैल - 2 मई 2025 |
| | ✗ B. 20-27 मई 2025 |
| | ✗ C. 1-8 मई 2025 |
| | ✓ D. 8-15 मई 2025 |

| Q.84 | 10 से 12 अप्रैल 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित, किस शिखर सम्मेलन की विषयवस्तु (थीम) "संभावना" थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. वर्ल्ड स्टार्टअप समिट, 2025 |
| | ✗ B. डिजिटल इंडिया समिट, 2025 |
| | ✓ C. ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट, 2025 |
| | ✗ D. इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम, 2025 |

| Q.85 | किस क्लब ने अप्रैल 2025 तक पुरुष फुटबॉल में सबसे अधिक लगातार जीत (लगातार 34) का रिकॉर्ड बनाया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बायर्न म्यूनिख (Bayern Munich) |
| | ✓ B. अल हिलाल (Al Hilal) |
| | ✗ C. मैनचेस्टर सिटी (Manchester City) |
| | ✗ D. ऐजैक्स (Ajax) |

| | |
|---|---|
| Q.86 | ओडिशा में निम्नलिखित में से किस संरक्षित क्षेत्र को राष्ट्रीय उद्यान में अपग्रेड करने का प्रस्ताव किया गया, जिससे यह सितंबर 2025 तक की स्थिति के अनुसार, राज्य का तीसरा राष्ट्रीय उद्यान बन गया? |
| Ans | ✔ A. डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य |
| | ✘ B. भितरकनिका वन्यजीव अभयारण्य |
| | ✘ C. सतकोसिया गॉर्ज वन्यजीव अभयारण्य |
| | ✘ D. सुनबेड़ा वन्यजीव अभयारण्य |

| | |
|---|---|
| Q.87 | कराड, जिसे अप्रैल 2025 में सैनिटरी और बायोमेडिकल कचरे के 100% पृथक्करण, संग्रह और प्रसंस्करण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा मान्यता दी गई थी, निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है? |
| Ans | ✔ A. सतारा जिला |
| | ✘ B. कोयंबटूर जिला |
| | ✘ C. देहरादून जिला |
| | ✘ D. इंदौर जिला |

| | |
|---|---|
| Q.88 | गुरिंदरवीर सिंह ने इंडियन ग्रैंड प्रिक्स 1 में किस एथलेटिक खेल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा? |
| Ans | ✘ A. 400 m |
| | ✔ B. 100 m |
| | ✘ C. 200 m |
| | ✘ D. लंबी कूद |

| | |
|---|---|
| Q.89 | विश्व बैंक के 2025 के आकलन के अनुसार, 2011-12 और 2022-23 के बीच भारत में कितने लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले? |
| Ans | ✘ A. 300 मिलियन |
| | ✘ B. 100 मिलियन |
| | ✔ C. 171 मिलियन |
| | ✘ D. 220 मिलियन |

| | |
|---|---|
| Q.90 | ओडिशा के किस रेत-कलाकार (sand-artist) ने 2025 के केंद्रीय बजट का जश्न मनाते हुए रेत की मूर्ति बनाई? |
| Ans | ✔ A. सुदर्शन पटनायक |
| | ✘ B. बिरंची नारायण |
| | ✘ C. संदीप पाल |
| | ✘ D. मानस कुमार |

| | |
|---|---|
| Q.91 | चंडीगढ़ के 2025 एग्रीगेटर नियमों (aggregator rules) के तहत महिला राइडर्स को किस तरह की राइड चुनने की अनुमति दी गयी है? |
| Ans | ✘ A. केवल सबसे छोटे मार्ग वाली |
| | ✔ B. केवल महिला राइड पूल वाली |
| | ✘ C. केवल उबर राइड वाली |
| | ✘ D. पहले 5 km तक मुफ्त राइड वाली |

| | |
|---|---|
| Q.92 | 2025 EFL चैम्पियनशिप प्लेऑफ़ फ़ाइनल में सुंदरलैंड के लिए विजयी गोल किसने किया? |
| Ans | ✔ A. टॉम वॉटसन |
| | ✘ B. एलीएजेर मायेंडा |
| | ✘ C. डैन नील |
| | ✘ D. जैक क्लार्क |

| Q.93 | 2025 किंग्स बर्थडे ओवरसीज एंड इंटरनेशनल ऑनर्स लिस्ट में दिए गए निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मान विशेष रूप से ब्रिटिश नागरिकों को “विदेश या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सेवा” के लिए मान्यता देता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. द ऑर्डर ऑफ़ द ब्रिटिश एम्पायर (The Order of the British Empire) |
| | ✗ B. द किंग्स पुलिस मेडल (The King’s Police Medal) |
| | ✓ C. द ऑर्डर ऑफ़ सेंट माइकल एंड सेंट जॉर्ज (The Order of St Michael and St George) |
| | ✗ D. द रॉयल विक्टोरियन ऑर्डर (The Royal Victorian Order) |

| Q.94 | भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा नवंबर 2025 में विकसित किए गए भारतीय AI टूल 'ऑन्कोमार्क (OncoMark)' का क्या उद्देश्य है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अस्पतालों और क्लीनिकों के लिए मानक कैंसर उपचार दिशानिर्देश तैयार करना |
| | ✓ B. व्यक्तिगत निदान और थेरेपी हेतु कैंसर के मॉलिक्यूलर हॉलमार्क का विश्लेषण करना |
| | ✗ C. सरकारी स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लिए राष्ट्रव्यापी कैंसर रोगी डेटा को बनाए रखना |
| | ✗ D. डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना |

| Q.95 | ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (GFF) 2025 का आयोजन कहाँ हुआ था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. विज्ञान भवन, नई दिल्ली |
| | ✓ B. जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई |
| | ✗ C. लुलु इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, कोच्चि |
| | ✗ D. भारत मंडपम, नई दिल्ली |

| Q.96 | निम्नलिखित में से किस संगठन ने अक्टूबर 2025 में अपने शताब्दी समारोह के दौरान एक विशेष डाक टिकट और ₹100 का स्मारक सिक्का जारी किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) |
| | ✓ B. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) |
| | ✗ C. ऑल इंडिया रेडियो (AIR) |
| | ✗ D. भारतीय मजदूर संघ (BMS) |

| Q.97 | 1 अगस्त 2025 से प्रभावी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) की नियमावली के अनुसार, एकल UPI ऐप के माध्यम से बैंक बैलेंस की जांच करने की नई दैनिक सीमा कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 75 बार |
| | ✗ B. असीमित |
| | ✓ C. 50 बार |
| | ✗ D. 25 बार |

| Q.98 | जून 2025 में भारतीय सेना में किस उथले पानी के जहाज (shallow-water craft) को शामिल किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. INS वाघशीर |
| | ✗ B. INS सूरत |
| | ✓ C. INS अर्नाला |
| | ✗ D. INS नीलगिरि |

| Q.99 | सचेत ऐप (Sachet App) किस प्रकार की आपात स्थितियों के संबंध में रीयल-टाइम अलर्ट प्रदान करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. साइबर सुरक्षा उल्लंघन |
| | ✗ B. सड़क यातायात जाम |
| | ✓ C. प्राकृतिक आपदाएँ |
| | ✗ D. बैंकिंग धोखाधड़ी |

| Q.100 | जैविक विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 2024 में विज्ञान रत्न से किसे सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. डॉ. आनंदरामकृष्णन |
| | ✗ B. प्रो. जयंत भालचंद्र उदगांवकर |
| | ✗ C. डॉ. आवेश कुमार त्यागी |
| | ✓ D. प्रो. गोविंदराजन पद्मनाभन |

"